Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title: Need to investigate the cases of death of workers and provide medical facilities to other workers engaged in the construction work of Bina Refinery in Sagar Parliamentary Constituency of M.P.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में बहुत लम्बे समय के बाद बीना रिफायनरी का कार्य आरंभ हुआ। पिछले सत्र में भी मैंने इस बात को उठाया था कि वहां के अधिकारियों की उदासीनता के चलते बाउंडरी वाल का जब कार्य आरंभ हुआ, तब एक हिस्सा उस वॉल का गिर गया और उस वॉल का निर्माण फिर से करवाना पड़ा। अभी पिछले डेढ़ माह में चार मजदूरों की मौत वहां हो गई है। पहले मजदूर की मौत पिछले 16 अक्टूबर को हुई। उसका सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम भी हुआ। पुलिस ने केस भी दर्ज किया, लेकिन डाक्टर उसकी मौत का कारण पता नहीं लगा पाए। इसके बाद 19 नवम्बर को चौथे मजदूर की मौत हुई। इन मौतों के बारे में वहां का प्रशासन इतना उदासीन है कि वहां का प्रोजेक्ट मैनेजर कहता है कि जहां पर दो-चार सौ मजदूर काम करते हैं, वहां एक-आध हफ्ते में दो-चार मौतें होना स्वाभाविक बात है। ऐसा लगता है कि उनकी मानवीय संवेदनाएं पूरी तरह से खत्म हो चुकी हैं। लेबर लॉ स्पट रूप से कहता है कि किसी भी संस्थान में या किसी व्यक्ति के पास काम करने वाले की चिकित्सा की सुविधा, समय पर मजदूरी देने की सुविधा और यदि काम करते हुए कोई घायल होता है तो उसकी चिकित्सा की सुविधा उस संस्थान को या जिसके पास काम कर रहा है, उस व्यक्ति के द्वारा दी जानी चाहिए।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि पेट्रोलियम मंत्री जी इस संबंध में बीना रिफायनरी के अधिकारियों को निर्देशित करके, जिन कारणों से मजदूरों की मौतें हुई हैं, उनका पता लगवाएं और वहां के मजदूरों की चिकित्सा की समुचित व्य वस्था करें।[MSOffice11]